INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

LATEST EDITION

# CTET

## ( CENTRAL TEACHER ELIGIBILITY TEST

## जूनियर लेवल (विज्ञान वर्ग)

### HANDWRITTEN NOTES

### भाग-5 गणित एवं विज्ञान

INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा

# CTET

## जूनियर स्तर (विज्ञान वर्ग)



ॐ सरस्वती मया दृष्ट्वा, वीणा पुस्तक धारणीम।
हंस वाहिनी समायुक्ता मां विद्या दान करोतु में ॐ।।

## भाग – 5 गणित एवं विज्ञान

# प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)" (जूनियर स्तर) (विज्ञान वर्ग)** को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION (CBSE)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा "**केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)" (जूनियर स्तर) (विज्ञान वर्ग)"** भर्ती परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें/*

***अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/***


**प्रकाशकः**

**INFUSION NOTES**

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com



**WhatsApp करें - https://wa.link/cs2iro**

**Online Order करें - https://rb.gy/amckg4**


| | |
|---|---|
| **मूल्य : ₹** | **संस्करण : नवीनतम** |

| | गणित | |
|---|---|---|
| क्रमांक | अध्याय | पृष्ठ सं. |
| 1. | संख्या प्रणाली | 1 |
| 2. | घात, घातांक एवं करणी | 17 |
| 3. | बीजीय व्यंजक व बहुपद | 22 |
| 4. | गुणनखंड | 27 |
| 5. | वर्ग और वर्गमूल | 34 |
| 6. | घन और घनमूल | 40 |
| 7. | लघुत्तम समापवर्त्य एवं महत्तम समापवर्तक | 44 |
| 8. | भिन्न एवं दशमलव | 54 |
| 9. | अनुपात – समानुपात | 59 |
| 10. | प्रतिशतता | 66 |
| 11. | लाभ और हानि | 77 |
| 12. | साधारण ब्याज | 86 |
| 13. | चक्रवृद्धि ब्याज | 95 |
| 14. | क्षेत्रमिति | 102 |
| 15. | ज्यामिति | 130 |
| 16. | सांख्यिकी | 153 |
| 17. | आँकड़ों का प्रबंधन | 176 |
| | गणितीय शिक्षण विधियाँ | |
| 18. | गणित की प्रकृति एवं तर्क शक्ति | 188 |

## विज्ञान


| क्र.सं. | अध्याय | पेज |
|---|---|---|
| 1. | भोजन एवं इसके प्रमुख अवयव तथा स्रोत | 223 |
| 2. | सजीव जगत (जंतु एवं पादप) | 234 |
| 3. | पादप और जंतु कोशिकाओं की संरचना | 255 |
| 4. | मानव शरीर के विभिन्न तंत्र | 262 |
| 5. | संक्रामक, असंक्रामक रोग | 280 |
| 6. | दैनिक जीवन से सम्बंधित विज्ञान | 289 |
| 7. | कार्य, शक्ति एवं ऊर्जा | 300 |
| 8. | ताप एवं ऊष्मा | 302 |
| 9. | प्रकाश एवं ध्वनि | 307 |
| 10. | विद्युत एवं चुंबकत्व | 317 |
| 11. | पदार्थ की संरचना | 327 |
| 12. | परमाणु संरचना | 331 |
| 13. | कार्बनिक यौगिक | 343 |
| 14. | प्राकृतिक संसाधन | 353 |
| 15. | शिक्षण विधियाँ | 369 |

## अध्याय – 1

## संख्या प्रणाली

**संख्या –** एकल अंक अथवा अंकों का समूह संख्या कहलाता है। गणित की मूल विषय वस्तु संख्याएँ हैं। 0 से अंत तक की सभी धनात्मक संख्याओं को पूर्ण संख्या कहते हैं। **जैसे-** 0 ,1 ,2, 3 ,4 ,5, 6, 7, 8, 9... शून्य भी एक पूर्ण संख्या है।

1. प्राकृत संख्याएँ -1 ,2 ,3 ,4.....
2. पूर्ण संख्याएँ - 0 ,1, 2, 3, 4, 5 .....
3. पूर्णांक संख्याएँ -∞ से +∞ तक
4. धनात्मक संख्याएँ :- 1, 2, 3, 4, 5 .....
5. ऋणात्मक संख्याएँ :- -1 , -2 , -3 , -4 , -5,.....

**नोट:** 0 न तो धनात्मक संख्या है और न ही ऋणात्मक संख्या है यह उदासीन संख्या है।

**प्राकृतिक संख्याएँ -:** वे संख्याएँ जिनसे वस्तुओं की गणना की जाती है उन्हें धन पूर्णांक या प्राकृतिक संख्याएँ कहते हैं। **उदा.** 1,2, 3, 4, 5, 6....... ∞

- शून्य प्राकृतिक संख्या नहीं है।
- कोई भी ऋणात्मक संख्या प्राकृतिक नहीं है।
- भिन्नात्मक संख्या प्राकृतिक संख्या नहीं होती है। जैसे:-- 3/4, -1/5

**सम संख्याएँ** -: वे संख्याएँ जो दो (2) से विभाज्य (पूर्णतः) हो सम संख्याएँ कहलाती हैं।

**नोट:** शून्य एक सम संख्या है।

2. **विषम संख्याएँ** :- वे संख्याएँ जो 2 से विभाजित न हों विषम संख्याएँ कहलाती हैं।

**उदा.** 1, 3, 5, 7, 9, 11. आदि । शून्य विषम संख्या नहीं है।

**भाज्य संख्याएँ** :-

01 से बड़ी वे सभी संख्याएँ जिनमें स्वयं और एक के अतिरिक्त कम से कम एक और संख्या का भाग लग सके भाज्य संख्याएँ कहलाती हैं। जैसे 4, 6, 8, 9, 15, 16 आदि।

**नोट :** दो (2) एक भाज्य संख्या नहीं है। यह एक अभाज्य संख्या है।

4. **अभाज्य संख्याएँ :-** वे संख्याएँ जो 1 और स्वयं के अतिरिक्त अन्य किसी संख्या से विभाज्य न हो अभाज्य संख्याएँ कहलाती हैं। उदा. 2, 3, 5, 7, 11, 13, आदि संख्याएँ अभाज्य संख्याएँ हैं।

**नोट:** एक (1) अभाज्य संख्या नहीं है और न ही इसे भाज्य संख्या कह सकते हैं।

**वास्तविक संख्याएँ** - वे संख्याएँ जो या तो परिमेय हो या अपरिमेय, वास्तविक संख्याएँ कहलाती हैं। वास्तविक संख्याओं को संख्या रेखा पर प्रदर्शित किया जा सकता है। किसी भी धनपूर्णांक जो पूर्ण वर्ग नहीं है का वर्गमूल अपरिमेय संख्या होगी। जैसे: √8. √6, √11, √14 अपरिमेय संख्याएँ हैं।

**परिमेय संख्या :-** वैसी वास्तविक संख्याएँ जो **p / q** के रूप में लिखी जा सके, जहाँ **p** और **q** पूर्णांक हो तथा **q ≠ 0** हो, उसे परिमेय संख्या कहते हैं. जैसे; **1/2, 2/3, 3/4** आदि.

**अपरिमेय संख्या**:- वैसी वास्तविक संख्याएँ जिन्हें **p/q** के रूप नही लिखा जा सके, उन्हें अपरिमेय संख्या कहते है। अर्थात् , वैसी संख्याएँ जिन्हें पूर्णांक के अनुपात के रूप में व्यक्त नहीं किया जा सकता है. साथ ही अंश और हर के रूप में भी व्यक्त नही किया जा सकता है. वह अपरिमेय संख्या कहलाती हैं। जैसे; **(√2 – √3) / √5**

### प्रश्न

1. सबसे छोटी प्राकृत संख्या है

(A) शून्य (B) 1

(C) -1 (D) 2

**उत्तर. –** (B) 1

2. सबसे छोटी पूर्ण संख्या है

(A) शून्य (B) 1

(C) -1 (D) 2

**उत्तर. –** (A) शून्य

3. सभी धनात्मक एवं ऋणात्मक संख्याओं को संयुक्त रूप से कहा जाता है

(A) प्राकृत संख्याएँ (B) पूर्ण संख्याएँ
(C) पूर्णांक (D) अपरिमेय संख्याएँ

**उत्तर.** – (C) पूर्णांक

4. पूर्ण संख्याएँ किस संक्रिया के अंतर्गत संवृत्त नहीं होती?

(A) योग के
(B) व्यवकलन के
(C) गुणन के
(D) (A) और (C) दोनों

**उत्तर.** – (B) व्यवकलन के

5. पूर्णांक किस संक्रिया के अंतर्गत संवृत्त नहीं होते हैं ?

(A) योग के (B) व्यवकलन के
(C) गुणन के (D) भाग के

**उत्तर.** – (D) भाग के

6. ऐसी संख्या क्या कहलाती है जिसे $\frac{p}{q}$ के रूप में लिखा जा सकता हो, जहाँ p और q पूर्णांक हैं तथा $q \neq 0$ है ?

(A) परिमेय संख्या (B) पूर्ण संख्या
(C) अपरिमेय संख्या (D) प्राकृत संख्या

**उत्तर.** – (A) परिमेय संख्या

7. यदि 5 और 8 पूर्णांक हों तो निम्नलिखित में से कौन-सा पूर्णांक नहीं होगा ?

(A) 5 + 8 (B) 5 – 8

(C) 5 x 8 (D) 5 ÷ 8

**उत्तर.** – (D) 5 ÷ 8

8. परिमेय संख्याएँ किस संक्रिया के अंतर्गत संवृत्त नहीं होती हैं ?

(A) योग के (B) भाग के
(C) व्यवकलन के (D) गुणन के

**उत्तर.** – (B) भाग के

9. परिमेय संख्याएँ किस संक्रिया के अंतर्गत संवृत्त होती हैं ?

(A) योग के
(B) व्यवकलन के
(C) गुणन के
(D) (A), (B) व (C) तीनों

**उत्तर.** – (D) (A), (B) व (C) तीनों

10. परिमेय संख्याएँ किस संक्रिया के अंतर्गत क्रमविनिमेय नहीं होती ?

(A) योग के
(B) गुणन के
(C) व्यवकलन के
(D) (A) व (B) दोनों के

**उत्तर.** – (C) व्यवकलन के

11. किन्हीं तीन परिमेय संख्याओं a , b तथा c के लिए निम्न में से कौन-सा कथन असत्य होगा ?

(A) α + (b + c) = ( α + b) + c
(B) α x (b x c) = ( α x b) x c
(C) (A) व (B) दोनों
(D) α ÷ (b ÷ c) = ( α ÷ b) ÷ c

**उत्तर.** – (D) α ÷ (b ÷ c) = ( α ÷ b) ÷ c

12. परिमेय संख्याओं के योग के लिए कौन-सी संख्या एक तत्समक होती है

(A) शून्य (B) 1
(C) – 1 (D) 2

**उत्तर.** – (A) शून्य

13. पूर्णांकों तथा पूर्ण संख्याओं के लिए योज्य तत्समक है

(A) 1 (B) – 1
(C) शून्य (D) 2

**उत्तर.** – (C) शून्य

14. परिमेय संख्याओं के लिए गुणनात्मक तत्समक है

(A) शून्य (B) 1
(C) -1 (D) 2

**उत्तर.** – (B) 1

**21.** $(0.3)^{100}$ में दशमलव के तुरंत बाद कितने लगातार 0 का प्रयोग होगा ?

$(0.3)^{100} = (\frac{3}{10})^{100}$ $\log 3^{100}$

$100-48 = 52$ $100\log 3$

दशमलव के बाद $100 \times 0.477$

अगले 52 अंक तक 0 का $47.7$

इस्तेमाल किया जायेगा ! $+1$ | 48 –no of digit

**22.** $(0.02)^{100}$ में दशमलव के तुरंत बाद कितने लगातार o का प्रयोग होगा ?

$(\frac{2}{100})^{100}$ $\log 2^{100}$

$(\frac{2}{10^2})^{100} =$ $200 - 31$ $100 \log 2$

$2 \times 100 = 200$ $= 169$ | $100 \times 0.301$

दशमलव के बाद अगले 169 | $30.1$

अंक तक 0 का इस्तेमाल किया जायेगा! $+1$ 31 digit

**23.** किसी निश्चित संख्या के अंकों की संख्या ज्ञात करें यदि उसका वर्ग करने पर प्राप्त संख्या में 31 अंक हो !

$N^2$ = 31 अंक $\frac{31+1}{2}$ = 16 अंक

**24.** $0.4\overline{7} + 0.5\overline{03} - 0.3\overline{9} \times 0.\overline{8} = ?$

$0.4\overline{7} + 0.5\overline{03} - 0.3\overline{5}$

| X | X X | X X X |
|---|---|---|
| 0.4 | 7 7 | 7 7 7 |
| 0.5 | 0 3 | 0 3 0 |
| -0.3 | 5 5 | 5 5 5 |
| 0.6 | 2 5 | 2 5 2 |

$= 0.6\overline{25}$

$\frac{39-3}{90} \times \frac{8}{9}$

$= \frac{36}{90} \times \frac{8}{9} = \frac{32}{90}$

$= \frac{35-3}{90}$

$= 0.3\overline{5}$

### विभाज्यता के नियम पर आधारित –

**1.** संख्या 15*1 ,3 से विभाजित हो तो * के स्थान पर कौन सी संख्या आयेगी ?

ANS:- * के स्थान पर 2 आयेगा

∵ 1 + 5 + * + 1 = * + 7

* = 2 रखने पर संख्या के अंकों का योग 9 हो जायेगा जो 3 से विभाजित है |

**भाग विधि के आधार पर :-**

1. किसी संख्या में 28 से भाग देने पर प्राप्त संख्या 16 तथा शेष 21 हो तो संख्या ज्ञात करों

$28 \times 16 + 21 = 469$

2. वह छोटी से छोटी संख्या जिसे 1560 में जोड़ने पर प्राप्त योगफल 14 से पूर्णतया विभाजित हो जाए ।

$= \frac{1560}{14}$ तो भागफल 111 और शेष 6

अब $14 - 6 = 8$ **Ans.**

3. वह छोटी से छोटी संख्या जिसे 8953 में घटाने पर प्राप्त संख्या 21 पूर्णतया कट जाए।

$= \frac{8953}{21}$ शेष 7 प्राप्त होता

4. 5 अंकों की सबसे छोटी संख्या जो 335 से पूर्णतया कट जाए ?

भाज्य + (भाजक - शेष)

$10000 + (335 - 285) = 10050$

5. 4 अंकों की बड़ी से बड़ी संख्या जो 88 से पूर्णतः कट जाऐ ।

$\frac{9999}{88}$ = भाज्य - शेष

$9999 - 55 = 9944$

6. 2,3,4,5,6 में प्रत्येक से विभक्त होने वाली छोटी संख्या जो पूर्ण वर्ग हैं ?

2,3,4,5,6 का ल. स. = 60

$60 = 2 \times 2 \times 3 \times 5$ इसे पूर्ण वर्ग बनाने के लिए $3 \times 5$ का पुनः गुणा करना होगा $2 \times 2 \times 3 \times 5 \times 3 \times 5 = 900$

अंकों के मान वास्तविक / जातीय / अंकित या शुद्ध मान (Actual Value)किसी संख्या का वास्तविक मान हमेशा स्थिर रहता ।

## अध्याय – 7

### लघुत्तम समापवर्त्य एवं महत्तम समापवर्तक

दोस्तों, आज हम लोग L.C.M.निकालना सीखेंगे-

**L.C.M.** होता क्या हैं ?

वह छोटी से छोटी संख्या जो दी हुई सभी संख्याओं से पूरी विभाजित हो जाए वही संख्या दी हुई संख्याओं का L.C.M. कहलाती है।

हम लोग गुणनखण्ड़ विधि और भाग विधि से L.C.M. निकालना जानते हैं । तो आइए L.C.M. निकालने के कुछ शॉर्ट तरीकों को देखते हैं ।

जैसे - 10,12,15 का ल.स. कितना होगा ?

अब हम वह छोटी से छोटी संख्या देखेंगे जों 10,12,15 से कट जाए।




60 वह छोटी से छोटी संख्या हैं जो 10,12,15 से कट जाएगी । अतः 60 ही हमारा L.C.M. हैं ।

या

आप दी संख्याओं में 10,12,15 में से सबसे बड़ी संख्या लिखों और सोचो कि उसमें किस संख्या से गुणा कर दें ताकि शेष बची संख्याओं से कट जाए, वही संख्या जिसका हमने गुणा किया हैं वो ही L.C.M. हैं जैसे-

$$\frac{15 \times 4}{10,12}$$

अगर हम 15 में 4 का गुणा कर दे तो गुणनफल 60 आएगा जो 10,12 से कट जाएगा ।

**भाग विधि –**

| | |
|---|---|
| 2 | 10, 15, 20 |
| 2 | 5, 15, 10 |
| 3 | 5, 15, 5 |
| 5 | 5, 5, 5 |
| | 1, 1, 1 |

$LCM = 2 \times 2 \times 3 \times 5 = 60$

**गुणनखण्ड विधि –**

$10 = 2 \times 5$

$15 = 3 \times 5$

$20 = 2 \times 2 \times 5 = 2^2 \times 5$

$LCM = 2^2 \times 3 \times 5 = 60$

Note : अधिकतम संख्या तथा बड़ी से बड़ी घात ही LCM होता है ।

**महत्तम समापवर्तक (H.C.F.) (म.स.) :-** वह सबसे बड़ी संख्या जो दी गई सभी संख्याओं को विभाजित करती हो । अथवा वह सबसे बड़ी संख्या जिससे दी गई सभी संख्याएँ पूर्णत विभाजित हो म.स. कहलाता है ।

उदाहरण- 15, 20 व 30 का महत्तम समापवर्तक ज्ञात करों ?

(i) भाग विधि -

15)20(1
   15
   5)15(3
      15
      ×

5)30(6
   30
   ×

अतः H.C.F. = 5 होगा

या

| 3 | 15 |
|---|---|
| 5 | 5 |
| | 1 |

| 2 | 20 |
|---|---|
| 2 | 10 |
| 5 | 5 |
| | 1 |

| 2 | 30 |
|---|---|
| 3 | 15 |
| 5 | 5 |
| | 1 |

$15 = 3 \times 5$

$20 = 2^2 \times 5$

$30 = 2 \times 3 \times 5$

अतः 15, 20, 30 का H.C.F. = 5 होगा |

(ii) उभयनिष्ठ(Common) संख्या तथा छोटी से छोटी घात (HCF) म.स. कहलाती है |

Note :- किसी भी संख्या में उसका HCF मौजुद होता है जबकि संख्या खुद LCM में छिपि होती है | अतः सभी संख्याओं का LCM उनके HCF से पूर्णतः विभाजित होता है |

**दशमलव संख्याओं का LCM तथा HCF :-** दशमलव संख्याओं का LCM तथा HCF ज्ञात करने के लिए सर्वप्रथम दी गई संख्याओं में दशमलव को नजरअंदाज करते हुए LCM तथा HCF निकाल लेते हैं |

**Example :-**

**1.** 0.036, 4.8 व 0.15 का LCM ज्ञात करों ?

हल - $\frac{36}{1000}, \frac{4800}{1000}, \frac{150}{1000}$

36, 4800, 150 का LCM= 14400

0.036, 4.8, 0.15 का LCM = $\frac{14400}{1000}$

LCM = 14.4

**2.** 0.20, 12 व 0.032 का HCF ज्ञात करों ?

हल - $\frac{200}{1000}, \frac{12000}{1000}, \frac{32}{1000}$

200, 12000, 32 का HCF = 8

अतः 0.20, 12 व 0.032 का HCF = $\frac{8}{1000}$ = 0.008

**भिन्नों का ल.स. एवं म.स. –**

भिन्नों का LCM = $\frac{\text{अंशों का LCM}}{\text{हरों का HCF}}$

भिन्नों का HCF = $\frac{\text{अंशों का HCF}}{\text{हरों का LCM}}$

**अक्षरों का LCM तथा HCF –** अधिकतम अक्षर तथा उनपर लगी बड़ी से बड़ी घात LCM होता है व उभयनिष्ठ(Common) अक्षर तथा उनपर लगी छोटी से छोटी घात उन संख्याओं का HCF होता है |

**Example:-**

A. $a^3b^5c^8$ , $b^{15}c^5d^4$ का LCM तथा HCF ज्ञात करों?

हल- यहाँ दिए गए अक्षर a, b, c, d है तथा इन पर बड़ी से बड़ी घात = $a^3$, $b^{15}$, $c^8$, $d^4$ है जो LCM होगा|

यहाँ दिए अक्षर a, b, c, d में Common अक्षर b व c पर सबसे छोटी घात वाला अक्षर $b^5c^5$ है जो HCF होगा|

**अंक तथा अक्षरों का ल.स. तथा म.स. –** जब अक्षर व अंक एक साथ दिए गए हो तो अंकों का व अक्षरों का अलग-अलग LCM व HCF ज्ञात करके प्रश्न को हल करते हैं |

**Example :-**

**1.** $8a^4b^8$, $12a^2b^{12}c^{10}$ , $18a^7b^4c^3d^5$ का LCM व HCF ज्ञात करों ?

हल- 8, 12, 18 का ल.स.

| 2 | 8 , 12 , 18 |
|---|---|
| 2 | 4 , 6 , 9 |
| 2 | 2 , 3 , 9 |
| 3 | 1 , 3 , 9 |
| 3 | 1 , 1 , 3 |
| | 1 , 1 , 1 |

ल.स. = 2×2×2×3×3 = 72

$a^4b^8$, $a^2b^{12}c^{10}$ , $a^7b^4c^3d^5$ का LCM = $a^7b^{12}c^{10}d^5$

∴ LCM = 72 $a^7b^{12}c^{10}d^5$

***Q. टीनु दर्जी एक महिला के स्कर्ट बनाने के लिए किसी चौड़ाई के कपड़े का उपयोग करता है। परंतु उसे याद नहीं कि सही चौड़ाई 32 इंच थी अथवा 36 इंच. क्या तुम उसे कपड़ा खरीदने में सहायता डे सकते हो ताकि वह कपड़ा दोनों दशाओ में प्रयोग किया जा सके? उसे कितना कपड़ा खरीदना होगा?***

(a) 324 इंच (b) 288 इंच

(c) 248 इंच (d) 271 इंच

***हल:.***

कपड़े की अभीष्ट लंबाई = 32 इंच तथा 36 इंच का ल. स.

= (4 x 8 x 9) इंच = 288 इंच

***Q. दो संख्याओं के महत्तम समापवर्तक तथा लघुत्तम समापवर्त्य क्रमशः 12 तथा 600 हैं। यदि एक संख्या 24 हो, तो दोनों संख्याओं का औसत क्या होगा?***

***हल:***

***निष्कर्ष 1.*** एक संख्या x दूसरी संख्या = दोनों संख्याओं का म. स. X ल. स. होता है।

***निष्कर्ष 2.*** अतः दूसरी संख्या = $\frac{12 \times 600}{24}$ = 300 होगी।

***निष्कर्ष 3.*** अब दोनों संख्याओं का औसत ज्ञात करना है।

∴ औसत = $\frac{\text{दोनों संख्याओं का योग}}{2} = \frac{24+300}{2} = \frac{324}{2}$ = 162

***Q. भिन्न $\frac{2}{5}, \frac{3}{8}, \frac{4}{9}$ का म. स. ज्ञात कीजिए।***

***हल:***

भिन्न का म. स. = $\frac{\text{अंशों का म.स.}}{\text{हरों का ल.स.}}$

अंशों का म. स. अर्थात् 2, 3, 4 का म. स. ज्ञात करना है।

2 = 1 x 2

3 = 1 x 3

4 = 1 x 2 x 2

म. स. = 1 (क्योंकि मात्र यही common factor है)

हरों का ल. स. अर्थात् 5, 8, 9 का ल. स. ज्ञात करना है-

ल. स. = 2 x 2 x 2 x 3 x 3 x 5 = 360

अतः दी गई भिन्न का म. स. = $\frac{\text{अंशों का म.स.}}{\text{हरों का ल.स.}}$

= $\frac{1}{360}$

***Q. भिन्न $\frac{2}{5}, \frac{3}{8}, \frac{4}{9}$ का ल. स. ज्ञात कीजिए।***

***हल:***

भिन्न का ल. स. = $\frac{\text{अंशों का ल.स.}}{\text{हरों का म.स.}}$

अंशों का ल. स. अर्थात् 2, 3, 4 का ल. स. ज्ञात करना है।

| | |
|---|---|
| 2 | 2, 3, 4 |
| 2 | 1, 3, 2 |
| 3 | 1, 3, 1 |
| | 1, 1, 1 |

ल. स. = 2 x 2 x 3 = 12

हरों का म. स. अर्थात् 5, 8, 9 का म. स. ज्ञात करना है।

5 = 5 x 1

8 = 2 x 2 x 2 x 1

9 = 3 x 3 x 1

म. स. = 1 (क्योंकि ये ही कॉमन फैक्टर है।)

अतः दी गई भिन्न का ल. स. = $\frac{\text{अंशों का ल.स.}}{\text{हरों का म.स.}}$

= $\frac{12}{1}$ = 12

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

## अध्याय – 14

## क्षेत्रमिति

### द्विविमीय (2D)

- परिमाप = सभी बाहरी सीमाओं की लम्बाई का योग , परिमाप होता है
- क्षेत्रफल = बाहरी सीमा द्वारा घेरा गया क्षेत्र, क्षेत्रफल होता है !
- **वृत्त (Circle) :-**
- परिधि = $2\pi r$
- क्षेत्रफल = $\pi r^2$




**अर्द्धवृत्त(Semi Circle) : -**

क्षेत्रफल = $\frac{1}{2}\pi r^2$

परिमाप = $\pi r + 2r$ = $r(\pi + 2)$



**त्रिज्यखंड (Sector)**

चाप AB = $\frac{\theta}{360} \times 2\pi r$

क्षेत्रफल = $\frac{\theta}{360} \times \pi r^2$




**रस्सी की लम्बाई**

माना d पुली का व्यास है और r त्रिज्या है ! सभी पुली समान है !

$d = 2r$

रस्सी की लम्बाई = $2d + 2\pi r$






रस्सी की लम्बाई = $3d + 2\pi r$

**प्रश्न- 1** 10 सेमी व्यास वाले 3 वृत्त एक दूसरे को स्पर्श करते हैं तथा उन्हें एक रबर द्वारा बांधा जाता है ! रबर की लम्बाई ज्ञात कीजिए ।

रबर की लम्बाई = $3d + 2\pi r$

$= 3 \times 10 + 2 \times 5 \times \pi$

$= 30 + 10\pi$ cm

$d = 10$ cm , $r = 5$ cm



INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

***छायांकित भाग का क्षेत्रफल –***



क्षे. = $r^2 \; (\sqrt{3} - \frac{\pi}{2})$

परिमाप = $\pi r$

**(2)** क्षे. = $r^2 \; (4 - \pi)$

परिमाप = $2\pi r$



**(3)** क्षे. = $r^2 \; (2 - \frac{\pi}{2})$

परिमाप = $\pi r$



***वृत्त पर आधारित प्रश्न***

**(1)** 5 cm त्रिज्या वाले वृत्त के त्रिज्यखंड का ज्ञात करें , जो 3.5 cm लम्बाई वाले चाप द्वारा निर्मित है ?

त्रिज्या (r) = 5 cm

चाप (l) = 3.5 cm

क्षेत्रफल = $\frac{1}{2} \times l \times r$

= $\frac{1}{2} \times 3.5 \times 5$

= $8.75 \; cm^2$

**(2)** किसी वर्ग और वृत्त का परिमाप समान है ! यदि वृत्त का क्षेत्रफल 3850 $m^2$ हो , तब वर्ग का क्षेत्रफल ज्ञात करें ?

वर्ग का परिमाप = 4a (यदि भुजा a हो)

वृत्त का परिमाप = $2\pi r$

$4a = 2\pi r$

$r = \frac{4a}{2\pi}$

वृत्त का क्षेत्रफल = $\pi r^2$

$3850 = \pi \times \frac{4a}{2\pi} \times \frac{4a}{2\pi}$

$\frac{7 \times 4 \times a^2}{22} = 3850$

$a^2 = 3025 \; m^2$

3. ***एक वृत्त के केंद्र से 12 cm की दूरी पर 32 cm लम्बी जीवा खीची गई है इस वृत्त की त्रिज्या कितनी है।***




4.

**हल :-** OL = 12 cm, AB = 32 cm [क्योकि दिया है]

हमे ज्ञात करना है OA = OB = ?

बिंदु O को A से और B से मिलाने पर त्रिभुज OAB में हमे दो समकोण त्रिभुज OLB और OLA प्राप्त होती है।

समकोण त्रिभुज OLB में,

$(OL)^2 + (LB)^2 = (OB)^2$

$(12)^2 + (16)^2 = (OB)^2$

$(OB)^2 = 400$

वृत्त की त्रिज्या = OB = 20 cm




(13) वर्ग की भुजा = ?

$(\frac{25}{2} + \frac{x}{2})^2 + x^2 = 25^2$

$\frac{625}{4} + \frac{x^2}{4} + \frac{50x}{4} + x^2 = 625$

$625 + x^2 + 50x + 4x^2 = 2500$

$5x^2 + 50x - 1875 = 0$

$x = +15$

वर्ग की भुजा = 15 cm




**वर्ग पर आधारित प्रश्न :-**

**(1)** एक वर्ग में प्रत्येक भुजा x cm लम्बी है ! इसके विकर्ण की लम्बाई क्या होगी ?




$\Delta$ ABC में,

$x^2 + x^2 = d^2$

$2x^2 = d^2$

$d = x\sqrt{2}cm$

**(2)** 8 cm त्रिज्या वाले वृत्त के अंदर बने वर्ग का क्षेत्रफल ज्ञात करें ?




त्रिज्या = 8 cm

वर्ग का विकर्ण $= 8 \times 2$

$= 16$ cm

वर्ग का क्षे. $= \frac{1}{2} \times$ (विकर्ण)$^2$

$= \frac{1}{2} \times (16)^2$

$= \frac{1}{2} \times 256$

$= 128\ cm^2$

**(3)** $8\sqrt{2}$ cm विकर्ण वाले वर्ग का क्षेत्रफल ज्ञात करें ?

वर्ग का विकर्ण $= a\sqrt{2}$

$a\sqrt{2} = 8\sqrt{2}$

$a = 8$ cm

वर्ग का क्षे. $= 8^2$

$= 64cm^2$

**(4)** एक वर्ग ABCD है जिसकी प्रत्येक भुजा 7 cm है ! छायांकित भाग का क्षेत्रफल ज्ञात करें ?




छायांकित भाग का क्षे. $= \frac{4}{7} a^2$

$= \frac{4}{7} \times 7 \times 7$

$= 28\ cm^2$

**(4)** एक पाईप 125 cm लम्बा है ! जिसकी आंतरिक और बाह्य त्रिज्याएँ क्रमशः 3 cm तथा 4 cm है ! उसका वक्रपृष्ठ ज्ञात कीजिए !

वक्रपृष्ठ = $2\pi(r_1 + r_2) \times h$

$= 2\times \frac{22}{7}(3 + 4) \times 125$

$= 5500\ cm^2$

<u>लम्ब वृत्तीय शंकु (**Right Circular Cone**) : –</u>

h = कोण की ऊँचाई

l = तिर्यक ऊँचाई

r = कोण के आधार की त्रिज्या




1. तिरछी ऊँचाई (Slant height) = $\sqrt{(h^2 + r^2)}$
2. आयतन (Volume) = $\frac{1}{3}\pi r^2 h$
3. वक्रपृष्ठ का क्षेत्रफल = $\frac{1}{2}$ × आधार का परिमाप × ऊँचाई= $\pi rl$
4. सम्पूर्ण सतह का क्षेत्रफल = $\pi rl + \pi r^2$ = $\pi r\ (l + r)$

**शंकु पर आधारित प्रश्न :-**

**(1)** एक शंक्वाकार पर्वत की तिर्यक ऊँचाई 2.5 km है और उसके आधार का क्षेत्रफल 1.54 km² है ! ($\pi = \frac{22}{7}$) ऊँचाई क्या है ?

$\pi r^2 = 1.54$

$\frac{22}{7} \times r^2 = 1.54$

$r = 0.7\ km$

$h = \sqrt{l^2 - r^2}$

$= \sqrt{2.5^2 - 0.7^2}$

$= \sqrt{6.25 - 0.49}$

$= \sqrt{5.76}$

$= 2.4\ km$

**(2)** किसी शंकु के आधार का क्षेत्रफल 770 cm² उसके तिर्यक पृष्ठ का क्षेत्रफल 814 cm² है ! आयतन ज्ञात करें ?

$\pi r^2 = 770$ $\qquad$ $\pi rl = 814$

$\frac{22}{7} \times r^2 = 770$ $= \frac{22}{7} \times 7\sqrt{5} \times l = 814$

$r^2 = \frac{770 \times 7}{22}$ $\qquad$ $l = \frac{814 \times 7}{7\sqrt{5} \times 22}$

$r = 7\sqrt{5}$ $\qquad$ $l = \frac{37}{\sqrt{5}}$

$l^2 = h^2 + r^2$

$(\frac{37}{\sqrt{5}})^2 = h^2 + (7\sqrt{5})^2$

$h^2 = (\frac{37}{\sqrt{5}})^2 - (7\sqrt{5})^2$

$h = \frac{12}{\sqrt{5}}$

Volume $= \frac{1}{3}\pi r^2 h$

$= \frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 7\sqrt{5} \times 7\sqrt{5} \times \frac{12}{\sqrt{5}}$

$= 616\sqrt{5}\ cm^3$

**(3)** एक शंकु के आधार की त्रिज्या 21 cm तथा ऊँचाई 28 cm है ! इसकी तिर्यक ऊँचाई तथा सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए !

$r = 21\ cm$ , $\qquad$ $h = 28\ cm$

i. $l = \sqrt{h^2 + r^2}$

$= \sqrt{28^2 + 21^2}$

$= \sqrt{1225}$

$l = 35\ cm$

ii. सम्पूर्ण पृष्ठ क्षेत्रफल= $(\pi rl + \pi r^2)$

$=(\frac{22}{7} \times 21 \times 35 + \frac{22}{7} \times 21 \times 21)$

$= 3696\ cm^2$

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

**2. निम्न श्रेणी के समान्तर माध्य की गणना कीजिये :**

| S. No. | Height (c. m) |
|---|---|
| 1 | 150 |
| 2 | 160 |
| 3 | 140 |
| 4 | 150 |
| 5 | 168 |
| 6 | 170 |
| 7 | 165 |
| 8 | 162 |
| 9 | 145 |
| 10 | 180 |
| 11 | 167 |
| 12 | 163 |

**वर्गीकृत आकड़ों का माध्य तीन विधियों से ज्ञात किया जाता हैं !**

**(a)** प्रत्यक्ष विधि (Direct Method):-

$\bar{x} = \frac{\sum fx}{\sum f}$ जहाँ $\sum fx$ चरों के उत्पाद तथा बारम्बारताओं के गुणनफल का योग $\sum f$ = बारम्बारताओं का योग !

गुणनफल का योग ! $\sum f$ = बारम्बारताओं का योग !

$x = \frac{\text{ऊपरी वर्ग सीमा+निचली वर्ग सीमा}}{2}$

**(b) कल्पित माध्य विधि (Assumed Mean Method):-**

$\bar{x} = a + \frac{\sum fd}{\sum f}$ जहाँ a = (Assumed Mean):

$x_1$ , $x_2$ , $x_3$ , -------$x_n$ के लगभग बीच का मान

$d = x - a$

कल्पित माध्य विधि तब प्रयोग में ली जाती हैं जब x और f के मान बड़े होते हो तो x और f का गुणनफल जटिल हो जाता हैं तथा इसमें समय अधिक लगता हैं !

**(C) पग / पद विचलन विधि (Step Deviation Method):** पग विचलन विधि तभी सुविधाजनक होगी जबकि सभी d में कोई सर्व गुणनखण्ड हैं ! इसमें विचलनों को समापवर्तक (वर्गमाप) h द्वारा विभाजित किया जाता हैं !

$x = a + h\left(\frac{\sum fu}{\sum f}\right)$ जहाँ $u = \frac{x-a}{h}$ , (a = कल्पित माध्य )!

1. किसी स्कूल की कक्षा दस के 30 विद्यार्थियों द्वारा गणित के पेपर में से प्राप्त किये गये अंक नीचे सारणी में दिए गये हैं, इन विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों का माध्य ज्ञात कीजिये -

(a) प्रत्यक्ष विधि द्वारा

(b) कल्पित माध्य विधि द्वारा

(c) पद विचलन विधि द्वारा

| प्राप्तांक | 10-25 | 25-40 | 40-55 | 55-70 | 70-85 | 85-100 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | 2 | 3 | 7 | 6 | 6 | 6 |

**हल :-** (a) प्रत्यक्ष विधि : माध्य $(\bar{x}) = \frac{\sum fx}{\sum f}$

| प्राप्तांक | विद्यार्थियों की संख्या (f) | वर्ग चिह्न (x) | (fx) |
|---|---|---|---|

# गणितीय शिक्षण विधियाँ

## अध्याय – 18

## गणित की प्रकृति एवं तर्कशक्ति

### गणित का अर्थ

गणित अंक , अक्षर , चिन्ह आदि संक्षिप्त संकेतों का वह विज्ञान है जिसकी सहायता से परिमाण , दिशा तथा स्थान का बोध होता है !

### गणित की उत्पत्ति

'गणित' शब्द 'गण' धातु से बना है जिसका अर्थ होता है – 'गिनना'! 'मैथेमैटिक्स ' शब्द की उत्पति यूनानी शब्द 'मैथेमेटा ' से हुई हैं , जिसका अर्थ है – ' वस्तुएँ ' (विषय) जिनका अध्ययन किया जाता है ! वास्तव में गणित का शाब्दिक अर्थ है –'वह शास्त्र जिसमें गणनाओं की प्रधानता होती हैं !'

### गणित की प्रमुख परिभाषाएं

1. लॉक के अनुसार – ' गणित वह मार्ग है जिसके द्वारा मन या मस्तिष्क में तर्क करने की आदत स्थापित होती है!'

2. रोजकर बैकन के अनुसार – ' गणित समस्त विज्ञानों का सिर द्वार एवं कुंजी हैं !'

3. गैलिलियों के अनुसार , ' गणित वह भाषा है जिसमें परमेश्वर ने सम्पूर्ण जगत या ब्रह्माण्ड को लिख दिया है !'

4. यंग के अनुसार –' यदि विज्ञान की रीढ़ की हड्डी गणित हटा दी जाये तो सम्पूर्ण भौतिक सभ्यता निःसंदेह नष्ट हो जाएगी !'

5. प्लेटो – 'गणित एक ऐसी विषय है जो मानसिक शक्तियों को प्रशिक्षित करने का अवसर प्रदान करती है ! एक सुषुप्त आत्मा में चेतन एवं नवीन जागृति उत्पन्न करने का कौशल गणित ही प्रदान कर सकता है !'

6. बेन्जामिन वीयर्स –' गणित एक ऐसा विज्ञान है जो आवश्यक निष्कर्ष पर पहुँचता हैं !'

7. आइन्स्टीन – ' गणित क्या है ? यह उस मानव चिन्तन का प्रतिफल है जो अनुभवों से स्वतन्त्र है तथा सत्य के अनुरूप है !'

8. हॉगवैन के अनुसार ,'गणित सभ्यता एवं संस्कृति का दर्पण है !'

9. काण्ट के अनुसार –'प्राकृतिक विज्ञान केवल तब तक ही विज्ञान है जब तक कि वह गणितीय हैं !'

10. बनार्ड शॉ के अनुसार,' तार्किक चिन्तन के लिए गणित एक शक्तिशाली साधन हैं !'

11. पिर्यस के अनुसार ,'गणित एक विज्ञान हैं , जिसकी सहायता से आवश्यक निष्कर्ष निकाले जाते हैं !'

12. मार्शल एच.स्टोन के अनुसार –' गणित एक ऐसी विधा का ज्ञान है जो कि अमूर्त तत्वों से मिलकर बनी है ! इन तत्वों को मूर्त रूप में परिभाषित किया गया हैं!'

13. बट्रेंण्ड रसैल के अनुसार –'गणित एक ऐसा विषय है जिसमें यह कभी नहीं कहा जा सकता है , कि किसी विषय में बातचीत हो रही हैं या जो कुछ कहा जा रहा है वह – सत्य हैं !'

14. थॉर्नडाईक का मत ,' विश्लेषण मन का सर्वोतम बौद्धिक प्रदर्शन गणित हैं !'

15. कॉरेण्ट व रोबिन्सन का मत – 'गणित मनुष्य मस्तिष्क द्वारा वर्णित इच्छाओं का क्रियात्मक पक्ष है ! यह चिंतनशील कारक वह सौन्दर्यात्मक अनुभूति की इच्छा रखता हैं ! यह व्यक्ति सामान्य रूप में , रचनात्मक व स्पष्टीकरण व आन्तरिक शक्तियों का प्रथम तत्व हैं ! यद्यपि अलग – अलग व्यवसाय , इसके अलग – अलग पक्षों पर जोर देते हैं ! यह विरोधी तत्वों तथा विश्लेषण हेतु संघर्षयुक्त जीवन से सम्बन्धित होकर व्याख्या करता हुआ उपयोगी व उच्चश्रेणी के गुणों का गणितीय विज्ञान हैं!'

16. लेबनीज का मत ,' संगीत मनुष्य के अस्थिर मन का अंकगणित की संख्याओं से सम्बन्धित एक आधुनिक सुप्त व्यायाम हैं!'

17. हेनरी पायंकर के अनुसार –'विभिन्न वस्तुओं को उन्ही का नाम देना ही गणित हैं !'

18. लिन्डसे – ' गणित भौतिक विज्ञानों की भाषा है और निश्चित ही मानव मस्तिष्क में उत्पन्न इससे उत्तम अन्य कोई भाषा नहीं हैं !'

19. बर्थलॉट – ' गणित भौतिक अनुसन्धान का एक आवश्यकता उपकरण हैं !'

20. वेदांग ज्योति के अनुसार ,'जिस रूप में मयूरों के सिर पर मुकुट शोभामान होते है तथा सर्पों के सिर पर मणियाँ , वही सर्वोच्च स्थान वेंदाग नाम से परिचित विज्ञानों में गणित का हैं !'

21. हावर्ड कमेटी –' गणित को अमूर्त स्वरूप के विज्ञान के रूप में परिभाषित किया जा सकता हैं ! '

22. गॉस के अनुसार –' गणित , विज्ञान की रानी है !'

**इस प्रकार उपयुक्त परिभाषाओं से निष्कर्ष निकलता है कि -**

1. गणित सभी विज्ञानों की जननी हैं !
2. गणित में गणनाओं की प्रधानता होती हैं !
3. यह आगमनात्मक तथा प्रायोगिक विज्ञान हैं !
4. यह तार्किक विचारों का विज्ञान हैं !
5. यह सभ्यता एवं संस्कृति का दर्पण हैं !
6. गणित में सम्पूर्ण जगत में विद्यमान हैं !
7. निश्चतता – गणित में अन्य विषयों की अपेक्षा परिणामों में निश्चितता अधिक होती हैं !
8. मौलिकता – इसकी प्रकृति प्रयोग केन्द्रित एवं मौलिक होती हैं !
9. संक्षिप्तता – इससे निकाले गये निष्कर्ष संक्षिप्त होते हैं !
10. शुद्धता – इसका सबसे महत्वपूर्ण आधार शुद्धता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता हैं !
11. परिणाम का सत्यापन – चाहे कोई भी और कभी भी गणना करें ,यदि आकड़े समान है तो परिणाम निश्चित रूप से समान ही आएगा !
12. सरलता – केवल चार आधारभुत गणनाओं तक ही इसकी सारी पाठ्य वस्तु सीमित है ! यही एकमात्र ऐसा विषय हैं, जिसमें छात्रों को स्वंय ही सिद्धान्तों का प्रयोग कर समस्या का समाधान का अवसर मिलता हैं !

## गणित की प्रकृति

गणित विषय की प्रकृति विद्यालय में पढ़ाये जाने वाले विषयों से अलग हैं ! एक अच्छा गणितज्ञ होने के लिए सभी अवधारणाओं को समझना, लागू करना और उनसे सम्बन्ध बनाना महत्वपूर्ण हैं ! क्षेत्रफल की अवधारणा से परिचित कराने के लिए शिक्षक हथेली , पट्टे , नोटबुक आदि विभिन्न वस्तुओं की सहायता से किसी आकृति के क्षेत्रफल की तुलना से शुरुआत कर सकता हैं !

a. गणित में परिणामों की निश्चितता होती है यही कारण है कि गणित आंशिक सत्य को भी स्वीकार नहीं करता ! कभी भी गणना करें यदि आकड़े समान हैं तो परिणाम निश्चित रूप से सही होगा !
b. गणित की अपनी भाषा है जिसमें विभिन्न गणितीय पद , प्रत्यय , सूत्र, सिद्धान्त तथा संकेत होते हैं ! इसमें संक्षिप्तता निहित हैं !
c. गणित का ज्ञान यथार्थ , क्रमबद्ध , तार्किक तथा स्पष्ट होता हैं !
d. गणित में अमूर्त प्रत्ययों को मूर्तरूप में परिवर्तित किया व व्याख्या की जाती हैं !
e. गणित के नियम , सिद्धान्त , सूत्र – सार्वभौमिक , सर्वमान्य व संदेह रहित होते हैं ! गणित की प्रतिबद्धतता शुद्धता के प्रति अत्यधिक हैं !
f. गणित द्वारा वातावरण में उपलब्ध वस्तुओं तथ्यों के बीच तुलना करने सम्बन्ध देखने तथा समान्यीकरण करने की योग्यता विकसित होती हैं !
g. गणित के कौशल का उपयोग अन्य विषयों में किया जाता हैं! भौतिक रसायन विज्ञान , सांख्यिकी तो गणित के भाग हैं , इसके अलावा भूगोल , वाणिज्य , जीवविज्ञान ,राजनितिक विज्ञान , इतिहास आदि प्रत्येक विषय में होता हैं !
h. गणित के माध्यम से जो परिणाम निकाले जाते हैं तथा उनके आधार पर जो पूर्वानुमान लगाया जाता है वे हमारे लक्ष्यों को पूर्ण करने में सार्थक होते हैं !
i. गणित की प्रकृति का विश्लेषण – शुद्धता , मोलिकता , सरलता , संक्षिप्ता तथा परिणामों का सत्यापन के आधार पर होता हैं !

**तर्कशक्ति (Reasoning )**

किसी मत या विचार को लेकर भिन्न –भिन्न प्रकार के तर्क लगाना तर्क शक्ति कहलाती हैं !जैसे – रेलगाड़ी के पीछे भगाने वाले व्यक्ति को देखकर आप तर्क लगाते हो की –

A. वह व्यक्ति रेलगाड़ी पकड़ना चाहता हैं !
B. उसका समान रेलगाड़ी में रह गया हैं !
C. वह अपने साथी या रिश्तेदार को विदा करना चाहता हैं !

**2. गणित शिक्षा में मूल्यांकन (Evaluation in Mathematics Education)**

मूल्यांकन योजनाबद्ध शिक्षा का अभिन्न अंग हैं ! शिक्षण – अधिगम प्रक्रिया में विभिन्न स्थलों पर विद्यार्थियों की प्रगति के आकलन की आवश्यकता होती है !

**3. मूल्यांकन की अवधारणा (Concept of Evalution)**

आधुनिक शैक्षिक विचारों और आवश्यकताओं ने आकलन /निर्धारण तथा परीक्षा के बदले मूल्यांकन पद अस्तित्व प्रदान किया हैं ! विकसित देशों में इसका उद्भव द्वितीय विश्वयुद्ध के उपरान्त हो गया था ! छठे दशक तक इन देशों में मूल्यांकन शिक्षण – अधिगम प्रक्रिया का अभिन्न अंग बन गया था ! भारत सहित विश्व में अन्य नव – विकसित देशों में इस अवधारणा का प्रवेश छठे दशक के उपरान्त हुआ विशेष रूप से भारत में एन.सी.ई.आर. टी. के अस्तित्व में आने से आधुनिक शिक्षा की नवीन अवधारणाओं , सिद्धान्तों, तकनीकों , विविधियों को व्यापक प्रसार से अवसर उपलब्ध हुए !

**4. मापन (Measurement)**

मूल्यांकन (Evalution) पद (Term) का सहकालिक (Simultaneous) पद मापन भी अस्तित्व में आया ! इसका विकास एल.थार्नडाइक की इस मान्यता पर आधारित है कि 'कोई भी वस्तु जो अस्तित्व में होती हैं , वह कुछ परिणाम में रहती है और जो वस्तु कुछ परिणाम में होती हैं , मापन योग्य होती हैं !'

ब्रैडफील्ड और मारडाक (Bradfield and Moredock) के अनुसार – ' किसी घटना की परिस्थिति (Status) की परिशुद्धता से चरित्रांकित करने के लिए उसकी विमाओं प्रदान करने की प्रक्रिया मापन है !'

**परीक्षण (Tests)**

अन्य विषयों की भातीं गणित में व्यापक अभिज्ञान (Broad knowledge) की विभिन्न विमाओं (Dimensions )का मापन किया जाता हैं ! प्राप्तांकों में उपलब्ध इन मापों के आधार पर प्रत्येक परीक्षार्थी को नियमानुसार निर्धारित सवर्ग में रखा जाता हैं ! इस सवर्ग के लिए निश्चित प्रतीक (Symbol)उसको प्रदान किया जाता हैं !विद्यालयों में नियमित रूप से उपयोग आने वाले प्रमुख प्रतीक- उत्तीर्ण (Pass) , अनुत्तीर्ण (Fail), औसत (Average) , प्रतिभावान (Gifted), कमजोर (Weak) , प्रथम श्रेणी , द्वितीय श्रेणी , तृतीय श्रेणी ,प्रोन्नत आदि है I ये वास्तव में प्राप्तांकों के आधार पर विद्यार्थी के निष्पादन (Performance) के लिए अंतिम मापन के आधार पर दिया गया निर्णय (Judgement)हैं !

**मूल्यांकन की प्रकृति (Nature of Evalutionh )**

मूल्यांकन का कोषार्थ (Dictionary meaning) किसी प्रेक्षण (Observation), निष्पादन परीक्षण (Performance test) या प्रत्यक्ष मापन से प्राप्त अथवा अनुमति दत्त (Data) पर मूल्य निर्णय (Value judgement)हैं ! इस प्रकार मूल्यांकन में मापन और निर्णय सम्मिलित है ! अत: मूल्याकन को निम्नलिखित गणितीय कथन में प्रस्तुत किया जा सकता हैं –

**मूल्यांकन → मापन + निर्णय**

**(Evalution)- (Measurement)+ (Judgement)**

**5. मूल्यांकन की परिभाषा**

a. थॉर्नडाइक का कहना है कि – ' जिस वस्तु का भी अस्तित्व है , उसका किसी न किसी मात्रा में अस्तित्व होता है और जो कुछ भी किसी मात्रा में उपस्थित है,उसे मापा जा सकता है !'

b. क्रॉनबेक – ' मूल्यांकन वह प्रक्रिया है,जिसके द्वारा अध्यापक व छात्र इस बात का निर्णय करते हैं कि शिक्षण के उद्देश्यों को प्रात किया जा रहा है या नहीं

c. कार्टर वी.गुड का मत –' मूल्यांकन वह क्रिया हैं , जिसमें किसी अन्वेषण को आधार मानकर किसी वस्तु की कीमत निर्धारित करने की बात की जाती हैं !'

d. टारगर्सन तथा एडम्स – 'मूल्यांकन का अर्थ हैं किसी वस्तु या प्रक्रिया का मूल्य निश्चित करना इस प्रकार शैक्षिक मूल्यांकन से तात्पर्य हैं-शिक्षण प्रक्रिया तथा सीखने की क्रियाओं से उत्पन्न अनुभवों की उपयोगिता के विषय में निर्णय देना '

e. जे.डब्ल्यू . राईट स्टोन –' मूल्यांकन सापेक्षिक रूप से नवीन प्राविधिक पद हैं , जिसका प्रयोग मापन की धारणा को परम्परागत जाँचों एवं परीक्षाओं की अपेक्षा अधिक व्यापक रूप में व्यक्त करने के लिए किया जाता हैं , इसमें केवल पाठ्यवस्तु की निष्पति हो निहित नहीं हैं , वरन् वृतियों , रुचियों , आदर्श सोचने के ढंग , कार्य करने की आदते तथा वैयक्तिक एवं सामाजिक अनुकूलता में निहित हैं !

# अध्याय – 1

# भोजन एवं इसके प्रमुख अवयव तथा स्रोत

**संतुलित भोजन :-**

संतुलित भोजन वह है जिसमें सभी आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध हों तथा किसी भी पोषक की लम्बें समय तक कमी या अनुपलब्धता से भोजन असंतुलित होता है।

लम्बें समय तक जब भोजन में किसी एक या अधिक पोषक तत्व की कमी हो तो उसे कुपोषण (malnutrition) कहतें हैं।

शरीर को ऊर्जा देने का कार्य - कार्बोहाइड्रेट व वसा

शरीर निर्माण व मरम्मत का कार्य - प्रोटीन

उपापचयी (मेटाबोलिक ) क्रियाओं को पूर्ण करने में सहायता - विटामिन, खनिज लवण व जल

विटामिन तथा खनिज लवण को संरक्षात्मक खाद्य पदार्थ कहा जाता है क्योंकि ये शरीर के प्रतिरक्षा तंत्र के लिए आवश्यक होते है।

पोषण के लिए आवश्यक इन पदार्थों को निम्न भागों में बांटा गया है-

(A) ऊर्जा उत्पादक (Energy producers ) - इनके ऑक्सीकरण से जैव क्रियाओं के लिए ऊर्जा प्राप्त होती है। जैसे - कार्बोहाईड्रेट व वसा।

(B) निर्माण पदार्थ (Building substance ) - शरीर की रचना एवं मरम्मत के लिए आवश्यक पदार्थ। जैसे - प्रोटीन्स।

(C) उपापचयी नियंत्रक (metabolic Regulators)-जैव एवं उपापचय क्रियाओं का नियंत्रण करने वाले। जैसे - विटामिन, जल एवं खनिज लवण।

(D) आनुवांशिक पदार्थ (Hereditary Substances)- आनुवांशिक लक्षणों की अगली पीढ़ी में ले जाने वाले पदार्थ। जैसे - डी. एन. ए. व आर. एन. ए (वायरस में)

भोजन के अवयव : दीर्घ पोषण तत्व,1. कार्बोहाईड्रेट, 2. प्रोटीन, 3. वसा

सूक्ष्म पोषण तत्व : 4. विटामिन, 5. खनिज लवण (Ca, Na, Cl, P, Mg, S, Fe) 6. जल, 7. न्यूक्लिक अम्ल (DNA, RNA )

यह स्मरण रखने की बात है कि 12 वर्ष कि उम्र वाले बालक का भोजन एक युवक के बराबर होता है और 14 से 18 साल कि लड़की के लिये 2,800 - 3,000 कैलोरी का आहार पोषण के लिये ठीक है इसी अवस्था के बालक के पोषण के लिये 3, 000 - 3, 400 कैलोरी का आहार मिलना चाहिए।

प्रतिदिन के आहार के भिन्न - भिन्न तत्वों का अनुपात यह है : प्रोटीन 100ग्राम (41कैलरी), वसा 100ग्राम (930 कैलरी), और कार्बोहाईड्रेट 400ग्राम (1,640कैलरी), कुल कैलोरी लगभग 3000।

जो पुरुष हल्का काम करता है उसको 3,3000 कैलोरी वाला आहार प्रतिदिन चाहिए। जो स्त्री पुरुष के बराबर काम करती है, उसे भी उतना ही कैलोरी का आहार चाहिए। जो पुरुष कठिन काम करते हैं, उनको 4000 कैलोरी वाले आहार कि आवश्यकता है।

किसी भोजन में 100 ग्राम से जितनी ऊर्जा मिलती है / निकलती है, उसे 'कैलोरी मान' कहते हैं।

(i) मानसिक कार्य / श्रम कर करने वाले व्यक्ति (जैसे - वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजिनियर )को - 3000 से 4200 कैलोरी

(ii) मशीन चलाने वालों (टर्नर, मोटर ड्राइवर, वस्त्र उद्योग के मजदूर ) को - 3500 कैलोरी

(iii) आंशिक मशीनीकृत शारीरिक कार्य में लगे व्यक्ति (जैसे - यंत्र बनाने वाले, कृषि मजदूर, फिटर ) को - 4000 कैलोरी

(iv) कठिन शारीरिक परिश्रम करने वाले (जैसे - कुली, गोदी मजदूरी आदि )को 4500 से 5000 कैलोरी

(v) गर्भवती महिला को - 2800 कैलोरी ऊर्जा आवश्यक होती है ।

दूध को एक संतुलित या पूर्ण आहार मान जाता है लेकिन इसमें विटामिन - सी तथा आयरन नहीं पाये जाते, जबकि अन्य सभी अवयव एवं तत्व पाये जाते हैं।

केवल दूध का लगातार सेवन करते रहने से ' एनीमिया' (रक्त हीनता - लोहा की कमी के कारण) रोग हो जाता है ।

## भोजन के स्त्रोत

भोजन सामग्री हमें मुख्य रूप से जंतुओं और पादपों से प्राप्त होती है।

**पादपों से मिलने वाला भोजन :-** पादपों से चावल, गेहूँ, सब्जियाँ, फल, आदि मिलते हैं। हमें ये सामग्री पादप के विभिन्न अंगों से मिलती हैं।

a. **जड़ :-** हम कई पौधों की जड़ों को खाते हैं, जैसे- मूली, गाजर, चुकंदर, आदि।
b. **तना :-** हम कई पौधों के तने को खाते हैं, जैसे- आलू, अदरक, शकरकंद, प्याज, आदि।
